yasahara.com

राष्ट्रीय सहारा

19/02/2023

## सीएसए ने राजभवन में लगायी

# फल, फूल व सब्जी की प्रदर्शनी

(एसएनबी)। चंद्रशेखर आजाद
ं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के
ज्ञान विभाग ने राजभवन में लगने
देशिक साग-भाजी, फल-फूल व
र्शनी में विश्वविद्यालय में विकसित
व फलों और फूलों की प्रजातियों
न किया। यहां आलू की 'नीलकंठ'
ाज की 'भीमा सुपर' प्रजातियां
के केन्द्र में रहीं।
ाजभवन में यह प्रदर्शनी हर वर्ष 17 से
री तक आयोजित की जाती है।
में चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं
ो विश्वविद्यालय द्वारा विकसित
की विभिन्न प्रजातियों आजाद मटर-
द मटर-1, आजाद मटर-2, टमाटर
ातियां कल्याणपुर टाइप-3,
ुर टाइप-2, कल्याणपुर टाइप-1 व
ुर टाइप-5, आजाद मिर्च-1, आलू
ो, नीलकंठ, आजाद हल्दी व प्याज
सुपर आदि प्रजातियों को प्रदर्शित
ा। इसके साथ ही विश्वविद्यालय के
महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा
ः अनाज के विभिन्न व्यंजनों को भी




साग-भाजी और फल-फूल की विकसित प्रजातियों का लगाया गया स्टॉल। फोटो : एसएनबी

**आलू की 'नीलकंठ' व प्याज की 'भीमा सुपर' प्रजाति रही आकर्षण का केन्द्र**

के पंडाल में मटर व आलू की नीलकंठ प्रजाति में विशेष रुचि लेते हुए इनकी जानकारी ली। प्रदर्शनी में आये हुए लोगों को भी आलू की नीलकंठ व प्याज की भीमा सुपर प्रजातियों ने आकर्षित किया। प्रदर्शनी में

ा रूप से शाहिद सैफी निशाल म खान शाहिद मलिक कानपुर अध्यक्ष दिलदार गाजी आदि थे।

हुए पुलिस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्रदर्शित किया गया। सब्जी विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.आरबी सिंह ने बताया कि प्रदेश के उद्यान व खाद्य एवं प्रसंस्करण मंत्री

दिनेश प्रताप सिंह ने प्रदर्शनी के निरिक्षण के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा विकसित प्रजातियों को सराहा। उन्होंने विश्वविद्यालय

कुलपति डॉ.विजेन्द्र सिंह, डॉ.डीपी सि आईएन शुक्ल, डॉ.निजामुद्दीन लारी अ थे।






# सीएसए ने राजभवन में लगाई साग-भाजी, फल फूल एवं पुष्प प्रदर्शनी

## आलू की नीलकंठ एवं प्याज की भीमा सुपर रही आकर्षण का केंद्र

डीटीएनएन

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह के निर्देश के क्रम में सब्जी विज्ञान विभाग ने राज भवन प्रांगण में दिनांक 17 से 20 फरवरी 2023 ( चार दिवसीय) तक आयोजित होने वाले प्रादेशिक साग भाजी,फल फूल एवं पुष्प प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय द्वारा विकसित सब्जियों की विभिन्न प्रजातियों जैसे आजाद मटर- 3, आजाद मटर-1, आजाद मटर-2, टमाटर की प्रजातियां जैसे कल्याणपुर टाइप -3, कल्याणपुर टाइप -2,कल्याणपुर टाइप- 1 एवं कल्याणपुर टाइप -5, आजाद मिर्च-1,तथा आलू की कुफरी नीलकंठ, आजाद हल्दी-1 इत्यादि को प्रदर्शित किया गया है। साथ ही विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा तैयार मोटे अनाजों के विभिन्न व्यंजनों का प्रदर्शन भी किया गया है। सब्जी विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ आर.बी.सिंह ने बताया कि प्रदेश के मा. उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री दिनेश प्रताप सिंह जी द्वारा विश्वविद्यालय में विकसित सब्जी की विभिन्न प्रजातियां का अवलोकन किया तथा उन्हें सराहा। डॉक्टर सिंह ने बताया कि मंत्री ने विश्वविद्यालय के पंडाल में भ्रमण कर विधिवत निरीक्षण किया। विश्वविद्यालय के पंडाल में मटर एवं आलू की नीलकंठ प्रजाति की प्रमुखता से जानकारी ली। तथा प्रदर्शनी में आए हुए लोगों का आलू की नीलकंठ एवं प्याज की भीमा सुपर प्रजाति आकर्षण का केंद्र बनी।डॉक्टर सिंह ने बताया कि प्रदर्शनी में दर्शाए गए आलू में कुफरी चिप्सोना, कुफरी फ्राईसोना ,सहजन उत्पाद एवं संरक्षित उत्पाद के साथ ही सब्जी मटर की आजाद मटर- 3,टमाटर की आजाद टमाटर-6 एवं संरक्षित सब्जियों के प्रति दर्शकों में काफी उत्साह देखने को मिला। इस प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह सहित सब्जी विज्ञान विभाग के डॉ डीपी सिंह , आई एन शुक्ला, डॉ निजामुद्दीन लारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

(हिन्दी दैनिक)

R.N.I. No. Utthin/2018/76731

(गांव देहात की खबर, शहर पर भी नजर)

# दि ग्राम टुडे

उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश से एक साथ प्रसारित

वर्ष : 04 अंक : 311 देहरादून, रविवार, 19 फरवरी 2023 मूल्य : 2 रुपये पृष्ठ - 8

# सीएसए ने राजभवन में लगाई साग-भाजी, फल फूल एवं पुष्प प्रदर्शनी, आलू की नीलकंठ एवं प्याज की भीमा सुपर रही आकर्षण का केंद्र

**दि ग्राम टुडे, कानपुर।**

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह के निर्देश के क्रम में सब्जी विज्ञान विभाग ने राज भवन प्रांगण में दिनांक 17 से 20 फरवरी 2023 ( चार दिवसीय) तक आयोजित होने वाले प्रादेशिक साग भाजी,फल फूल एवं पुष्प प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय द्वारा विकसित सब्जियों की विभिन्न प्रजातियों जैसे आजाद मटर- 3, आजाद मटर-1, आजाद मटर-2, टमाटर की प्रजातियां जैसे कल्याणपुर टाइप -3, कल्याणपुर टाइप -2,कल्याणपुर टाइप- 1 एवं कल्याणपुर टाइप -5, आजाद मिर्च-1,तथा आलू की कुफरी नीलकंठ, आजाद हल्दी-1 इत्यादि को प्रदर्शित किया गया है। साथ ही विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा तैयार मोटे अनाजों के विभिन्न व्यंजनों का प्रदर्शन भी किया गया है। सब्जी विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ आर.बी.सिंह ने बताया कि प्रदेश के मा. उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री दिनेश प्रताप सिंह जी द्वारा विश्वविद्यालय में विकसित सब्जी की विभिन्न प्रजातियां का अवलोकन किया तथा उन्हें सराहा। डॉक्टर सिंह ने बताया कि माननीय मंत्री जी द्वारा विश्वविद्यालय के पंडाल में भ्रमण कर विधिवत निरीक्षण किया। विश्वविद्यालय के पंडाल में मटर एवं आलू की नीलकंठ प्रजाति की प्रमुखता से जानकारी ली। तथा प्रदर्शनी में आए हुए लोगों का आलू की नीलकंठ एवं प्याज की भीमा सुपर प्रजाति आकर्षण का केंद्र बनी।।डॉक्टर सिंह ने बताया कि प्रदर्शनी में दर्शाए गए आलू में कुफरी चिप्सोना, कुफरी फ्राईसोना ,सहजन उत्पाद एवं संरक्षित उत्पाद के साथ ही सब्जी मटर की आजाद मटर-3,टमाटर की आजाद टमाटर-6 एवं संरक्षित सब्जियों के प्रति दर्शकों में काफी उत्साह देखने को मिला। इस प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह सहित सब्जी विज्ञान विभाग के डॉ डीपी सिंह , आई एन







शुक्ला, डॉ निजामुद्दीन लारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

दैनिक जागरण कानपुर 19.02.2023

Customer Care No.: 783 783 40 40

# अब बाजरे के केक और लड्डू का लीजिए स्वाद

विवेक मिश्र • कानपुर

बच्चे हों या बुजुर्ग केक सभी को पसंद है, लेकिन बुजुर्ग स्वास्थ्य कारणों की वजह से इसे खाने से परहेज करते हैं। पर अब ऐसा नहीं होगा। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय यानी सीएसए के कालेज आफ कम्यूनिटी साइंस में शोधार्थियों ने मोटे अनाज बाजरे से केक और लड्डू बनाया है। यह केक मैदा और ग्लूटेन रहित है। हाल ही में संस्थान के दौरे पर आए जापानी प्रतिनिधिमंडल ने भी मोटे अनाज से बने केक का स्वाद चखा था। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को केक इतना भाया कि वे तारीफ किए बिना नहीं रह सके। सीएसए ने एग्री स्टार्टअप सेल के माध्यम से शोधार्थियों के इस प्रयोग को तकनीकी सहयोग देने और इंक्यूबेट करने का आश्वासन दिया है।

कालेज आफ कम्यूनिटी साइंस विभाग की गृह विज्ञानी डा. सीमा सोनकर के निर्देशन में शोधार्थी रिचा और छवि ने मोटे अनाज बाजरे से केक और लड्डू बनाने का प्रयास किया। काफी प्रयास के बाद इस प्रयोग में सफलता मिली। उन्होंने बताया कि बाजरे से बने व्यंजनों का सेवन करने से दिल स्वस्थ रहता है। इसमें मैग्नीशियम पाया जाता है जो कि रक्तचाप को व्यवस्थित करके दिल को स्वस्थ रखता है। इसमें वसा, बहु असंतृप्त यानी पाली अनसैचुरेटेड वसा, कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन मुख्य तौर पर पाया जाता है। यह केक शरीर के लिए फायदेमंद है। बाजरे से बने लड्डू भी पौष्टिक हैं।

**केक बनाने में अपनाई यह प्रक्रिया :** केक बनाने के लिए बाजरे का आटा, गेहूं का आटा, चीनी, बेकिंग पाउडर, अंडा और वनिला एसेंस को लिया गया। सभी चीजों को एक निश्चित मात्रा में लेकर तैयार मिश्रण अवन में सेंकने के बाद ठंडा किया गया। केक में स्वाद को बढ़ाने के लिए मेवा का मिश्रण भी शामिल किया। वहीं, लड्डू बनाने के लिए बाजरे का आटा, चीनी, घी और मेवा का प्रयोग किया गया।



कालेज आफ कम्यूनिटी साइंस विभाग के शोधार्थियों ने बाजरे से बनाया केक। संस्थान



बाजरे से केक और लड्डू बनाया गया है। हर आयु वर्ग के लोग इसका स्वाद ले सकते हैं। अभी इसे और बेहतर बनाने के लिए शोधार्थी काम कर रहे हैं। शोधार्थी यदि इस क्षेत्र में काम शुरू करना चाहते हैं तो एग्री स्टार्टअप सेल उनके कार्य को तकनीकी सहयोग देने के साथ ही इंक्यूबेट करेगा।

– डा. विजय यादव, निदेशक शोध, सीएसए कृषि विश्वविद्यालय

दैनिक जागरण कानपुर 19.02.2023

# सीएसए में विकसित सब्जी और फूलों की प्रजातियां बनीं आकर्षण का केंद्र

जासं, कानपुर: राजभवन, लखनऊ में 20 फरवरी तक चलने वाली प्रादेशिक साग भाजी, फल फूल, पुष्प प्रदर्शनी में चंद्रशेखर आजाद (सीएसए) कृषि विश्वविद्यालय में विकसित सब्जियां और फूलों की प्रजातियां आकर्षण का केंद्र बनी हैं। विश्वविद्यालय के सब्जी विज्ञान विभाग ने सब्जियों की विभिन्न प्रजाति आजाद मटर- एक से तीन, टमाटर की प्रजाति टाइप एक से तीन, आजाद मिर्च-एक आदि को स्टाल पर रखा है। गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं ने मोटे अनाजों के विभिन्न व्यंजन रखे हैं। सब्जी विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डा. आरबी सिंह ने बताया कि उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने सब्जी की विभिन्न प्रजातियों का अवलोकन कर सराहना की।

REDMI NOTE 8 PRO
AI QUAD CAMERA

देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश

अमित शाह ने किया डॉ. हेडगेवार की समाधि... 12

मांडा में उपकरण पाकर दिव्यांगों के चेहरे खिले 10



# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्षः 14 | अंकः 129
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

रविवार | 19 फरवरी, 2023

## शाक भाजी, फल फूल प्रदर्शनी में उमड़ी भीड़



**जन एक्सप्रेस, कानपुर नगर।** राज भवन प्रांगण में चार दिवसीय 17 से 20 फरवरी 2023 तक प्रादेशिक शाक भाजी, फल फूल एवं पुष्प प्रदर्शनी चल रही है। जिसमें चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के सब्जी विज्ञान विभाग ने विश्वविद्यालय द्वारा विकसित सब्जियों की विभिन्न प्रजातियों व विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा तैयार मोटे अनाजों के विभिन्न व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। सब्जी विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.आर.बी.सिंह ने बताया कि प्रदेश के उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री दिनेश प्रताप सिंह द्वारा विश्वविद्यालय में विकसित सब्जी की विभिन्न प्रजातियों का अवलोकन किया गया। उन्होंने पंडाल में भ्रमण कर मटर एवं आलू की नीलकंठ प्रजाति की जानकारी ली। कुलपति डॉ.विजेंद्र सिंह सहित सब्जी विज्ञान विभाग के डॉ.डी.पी.सिंह, आई.एन. शुक्ला, डॉ. निजामुद्दीन लारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

हिंदुस्तान कानपुर 19.02.2023

# राजभवन में छाई आलू की 'नीलकंठ'

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में विकसित आलू की कुफरी नीलकंठ और प्याज की भीमा सुपर प्रजाति राजभवन में आकर्षण का केंद्र रही। राजभवन में इन दिनों चार दिवसीय साग-भाजी, फल-फूल और पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है।

राजभवन में सीएसए की विकसित सब्जियों की विभिन्न प्रजातियां जैसे आजाद मटर-तीन, आजाद मटर-एक, आजाद मटर-दो, टमाटर की कल्याणपुर टाइप - तीन, कल्याणपुर टाइप- दो, कल्याणपुर टाइप- एक, कल्याणपुर टाइप- पांच, आजाद मिर्च-एक, आलू की कुफरी नीलकंठ, आजाद हल्दी-ए प्रदर्शित की गई हैं। गृह विज्ञान की छात्राओं ने मोटे अनाज से तैयार व्यंजन भी प्रदर्शित किए।

न्यूज डायरी

अमर उजाला कानपुर 19/02/2023

# राजभवन में सीएसए की सब्जियों का प्रदर्शन

कानपुर। लखनऊ स्थित राजभवन में शनिवार को लगी प्रदर्शनी में चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय (सीएसए) के सब्जी विज्ञान विभाग ने सब्जियों, फल फूल एवं पुष्प की प्रजातियों का प्रदर्शन किया। मटर की आजाद और कल्याणपुर टाइप की प्रजातियां, आजाद मिर्च-1 और आलू की कुफरी नीलकंठ, आजाद हल्दी-1 के स्टॉल लगे। गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं के बनाए मोटे अनाजों के व्यंजनों का प्रदर्शन भी किया गया है। यहां कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह, डॉ. डीपी सिंह, आईएन शुक्ला और डॉ. निजामुद्दीन लारी आदि मौजूद रहे। (संवाद)